तापमान

| | | |
|---|---|---|
| भोपाल | 25.0° | 32.0° |
| इंदौर | 23.0° | 30.0° |
| जबलपुर | 25.0° | 31.0° |
| ग्वालियर | 27.0° | 34.0° |
| सागर | 24.0° | 31.0° |

# नईदुनिया

वर्ष- 80
(भोपालः वर्ष 41 अंक 244, पृष्ठ 12)
श्रावण, कृष्ण तृतीया संवत् 2083
रविवार, 2 अगस्त 2026
कीमतः 3:00 रुपये

www.naiduniaonline.com
भोपाल संस्करण
भोपाल एवं सागर से एकसाथ प्रकाशित

राजधानी... बलराम कृषि महोत्सव से आधुनिक खेती ...

व्यापार... एथेनॉल मिश्रण से पेट्रोल 30 रुपये प्रति लीटर तक ...

खेल... श्रीलंका दौरे में क्लीन स्वीप कर इतिहास दोहराना...

देश-विदेश... छह महीने में सीएए के लंबित आवेदनों का ...


## प्रधानमंत्री पर टिप्पणी करने वाली किशोरी ने मांगी माफी

▸▸ वीडियो जारी कर कहा- बहकावे में आकर हुई गलती, पहली और आखिरी भूल

**नईदुनिया ब्यूरो, नई दिल्लीः** जंतर-मंतर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी करने वाली 15 वर्षीय किशोरी ने वीडियो जारी कर सार्वजनिक रूप से माफी मांगी है। वीडियो में उसने हाथ जोड़कर कहा कि वह अपने दोस्तों के साथ कनॉट प्लेस गई थी, जहां चल रहे छात्र प्रदर्शन और भीड़ के माहौल के बहकावे में आकर उससे यह गलती हुई। उसने इसे अपनी पहली और आखिरी भूल बताते हुए खेद व्यक्त किया।

इस बीच, मामले में कॉकरोच जनता पार्टी के संस्थापक अभिजीत दीपके ने सवाल उठाया कि क्या अब सरकार उसके खिलाफ दर्ज मामला वापस लेगी। किशोरी के खिलाफ 30 जुलाई को नोएडा में मामला दर्ज किया गया था।

## कॉमनवेल्थ में भारतीय मुक्केबाजों ने जीते 7 स्वर्ण, कुल 37 पदक

### प्रीति, सोमन, जैस्मिन, साक्षी, प्रिया, अरुंधति, सचिन व अंकुश ने जीते पदक, तालिका में भारत चौथे स्थान पर

**ग्लासगो, एजेंसी :** कॉमनवेल्थ खेलों में भारतीय मुक्केबाजों ने शनिवार को ऐतिहासिक प्रदर्शन करते हुए पहली बार सात स्वर्ण पदक जीतकर नया कीर्तिमान स्थापित किया। इसके साथ ही पैरा एथलेटिक्स में भी एक स्वर्ण पदक मिलने से भारत के कुल स्वर्ण पदकों की संख्या 13 और कुल पदकों की संख्या 37 हो गई। भारत अब पदक तालिका में चौथे स्थान पर पहुंच गया है। महिला वर्ग में प्रीति पवार ने 54 किलोग्राम, जैस्मिन लांबोरिया ने 57 किलोग्राम, साक्षी चौधरी ने 51 किलोग्राम, प्रिया घंघास ने 60 किलोग्राम और अरुंधति चौधरी ने 70 किलोग्राम भार वर्ग में स्वर्ण पदक अपने नाम किए। पुरुष वर्ग में सचिन सिवाच ने 60 किलोग्राम वर्ग के फाइनल में नामीबिया के ट्राइगेन मॉर्निंग नडेवेलो को 3-2 से हराकर स्वर्ण पदक जीता। पैरा एथलेटिक्स की एफ-57 शॉटपुट स्पर्धा में सोमन राणा ने 13.40 मीटर के सत्र के सर्वश्रेष्ठ प्रयास के साथ स्वर्ण पदक जीता। इसी स्पर्धा में भारत

के शुभम जुयाल ने 13.28 मीटर के प्रयास के साथ रजत पदक हासिल किया। मुक्केबाजी में

लवलीना बोरगोहेन को 70 किलोग्राम वर्ग के फाइनल में ऑस्ट्रेलिया की एम्मा-सू ग्रीनट्री

से 1-4 से हारकर रजत पदक से संतोष करना पड़ा। वहीं जादुमणि सिंह भी पुरुष 55 किलोग्राम वर्ग के फाइनल में ऑस्ट्रेलिया के जाई डिक्सन से हारकर रजत पदक विजेता रहे। एथलेटिक्स में पुरुष ट्रिपल जंप स्पर्धा में प्रवीण चित्रावेल ने रजत और सेल्वा प्रभु ने कांस्य पदक जीता। जूडो में महिला 63 किलोग्राम वर्ग में उन्नति शर्मा ने दक्षिण अफ्रीका की स्काई नोस्टर को हराकर कांस्य पदक अपने नाम किया। सचिन सिवाच और अंकुश पंघाल ने भी मुक्केबाजी में स्वर्ण पदक जीता। भारतीय दल का शानदार प्रदर्शन जारी है।

## खास-खबरें

### अमित होंगे राष्ट्रपति के हाथों सम्मानित

**नईदुनिया ब्यूरो, जबलपुरः** जबलपुर के रांझी स्थित बापू नगर निवासी 38 वर्षीय अमित कुमार का चयन अटल पेंशन योजना में नियमित अंशदान के लिए देशभर से चुने गए 10 हितग्राहियों में हुआ है। उन्हें 15 अगस्त को नई दिल्ली में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु सम्मानित करेंगी। इस अवसर पर उन्हें राष्ट्रपति के साथ भोज में भी शामिल होने का निमंत्रण मिला है। अमित वर्ष 2018 से योजना में नियमित रूप से 130 रुपये प्रतिमाह का अंशदान जमा कर रहे हैं। राष्ट्रपति भवन से भेजा गया आधिकारिक निमंत्रण डाक विभाग के माध्यम से उनके घर पहुंचाया गया। चयन पर अमित ने इसे अपने जीवन का गौरवपूर्ण और अविस्मरणीय क्षण बताया।

### कुलगाम हत्याकांड में लतीफ पर शक

**नईदुनिया ब्यूरो, श्रीनगरः** दक्षिण कश्मीर के कुलगाम में दो हिंदू प्रवासी मजदूरों की हत्या के मामले में खुफिया एजेंसियों ने द रेजिस्टेंस फ्रंट से जुड़े आतंकी मोहम्मद लतीफ पर संदेह जताया है। सूत्रों के अनुसार यह संगठन लश्कर-ए-तैयबा से जुड़ा है। बताया गया कि शुक्रवार रात केलाम क्षेत्र में ईंट-भट्ठे पर काम कर रहे दोनों मजदूरों की पहचान पूछने के बाद गोली मारकर हत्या की गई। दोनों मृतक छत्तीसगढ़ के निवासी थे। एजेंसियों के अनुसार लतीफ का नाम 22 जुलाई को अनंतनाग में हेड कॉन्स्टेबल आशिक हुसैन कुरैशी की हत्या के मामले में भी सामने आया था। मामले की जांच जारी है।

### ई-20 ईंधन पर आम आदमी पार्टी का विरोध

**नईदुनिया ब्यूरो, नई दिल्लीः** आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने ई-20 ईंधन के मुद्दे पर सरकार से पेट्रोल पंपों पर शुद्ध पेट्रोल और ई-20 दोनों का विकल्प उपलब्ध कराने की मांग की है। उन्होंने कहा कि यदि यह मांग नहीं मानी गई तो चार अगस्त को प्रधानमंत्री आवास तक मार्च निकाला जाएगा। दिल्ली में आयोजित नेशनल टाउन हॉल कार्यक्रम में केजरीवाल ने कहा कि तीन अगस्त तक याचिकाएं एकत्र की जाएंगी, जिसके बाद प्रतिनिधिमंडल प्रधानमंत्री आवास जाकर विरोध दर्ज कराएगा।

**प्रधानमंत्री ने किया 18 हजार करोड़ रुपये की परियोजनाओं का लोकार्पण-शिलान्यास**

## भारत दुनिया का सबसे बड़ा स्टार्टअप हबः मोदी

**नईदुनिया ब्यूरो, अमरावती/मैसूरु :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को आंध्र प्रदेश और कर्नाटक के दौरे के दौरान विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास करने के साथ युवाओं की भूमिका पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि भारत का युवा, जो पहले जंजीरों में था, आज नई ऊंचाइयों की ओर बढ़ रहा है और उसी के प्रयासों से देश दुनिया का सबसे बड़ा स्टार्टअप हब बन चुका है।

प्रधानमंत्री ने आंध्र प्रदेश के अमरावती में लगभग 18 हजार करोड़ रुपये की विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। इनमें भोगापुरम एयरपोर्ट सहित सड़क और ऊर्जा क्षेत्र की कई परियोजनाएं शामिल हैं। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि पहले देश में एयरपोर्ट के नाम एक ही परिवार के नाम पर रखे जाते थे,

लेकिन उनकी सरकार ने इस परंपरा को बदल दिया। उन्होंने कहा कि अयोध्या एयरपोर्ट का नाम महर्षि वाल्मीकि, पंजाब के एयरपोर्ट का नाम संत रविदास और भोगापुरम एयरपोर्ट का नाम अल्लूरी सीताराम राजू के नाम पर रखा गया है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि अल्लूरी सीताराम राजू ने आदिवासी समाज के हितों के लिए अपना जीवन समर्पित किया था और उनके नाम पर बना यह एयरपोर्ट उत्तर आंध्र के विकास और युवाओं के उज्ज्वल भविष्य का नया आधार बनेगा। उन्होंने कहा कि राज्य में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन सरकार के नेतृत्व में विकास कार्य दोगुनी गति से आगे बढ़ रहे हैं। उन्होंने बताया कि आंध्र प्रदेश में लगभग एक लाख करोड़ रुपये की रेल परियोजनाओं पर काम चल रहा है, पूरे रेल नेटवर्क का विद्युतीकरण पूरा हो चुका है तथा 70 से अधिक रेलवे स्टेशनों का आधुनिकीकरण किया जा रहा है।

बाद में मैसूरु में प्रधानमंत्री ने स्वामी विवेकानंद सांस्कृतिक युवा केंद्र और विवेक स्मारक का उद्घाटन किया।

उन्होंने कहा कि भारत के युवाओं ने स्टार्टअप, कृत्रिम बुद्धिमत्ता, सेमीकंडक्टर और प्रौद्योगिकी जैसे क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान दिया है। हाल ही में युवाओं द्वारा विकसित निजी रॉकेट का अंतरिक्ष में पहुंचना इसी क्षमता का उदाहरण है। प्रधानमंत्री ने कहा कि उनके जीवन में रामकृष्ण मिशन का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। उन्होंने स्वामी विवेकानंद से जुड़े उस भवन का भी दौरा किया, जहां उन्होंने कुछ समय बिताया था। प्रधानमंत्री ने कहा कि महान व्यक्तित्वों का निर्माण वर्षों की साधना और अनगिनत योगदान से होता है तथा उनके विचारों और परंपरा को आगे बढ़ाना देश के लिए प्रेरणा का स्रोत है।

## मेडिकल कॉलेज में मिला बम बनाने का रेखाचित्र!

▸▸ तीन छात्रों को हिरासत में लेकर पूछताछ, सुरक्षा एजेंसियां सतर्क

**नईदुनिया ब्यूरो, अयोध्या :** अयोध्या स्थित दशरथ मेडिकल कॉलेज परिसर में कथित रूप से बम बनाने का तरीका और लेआउट लिखा हुआ एक संदिग्ध पर्चा मिलने से हड़कंप मच गया। सूचना मिलते ही कॉलेज प्रशासन ने तत्काल पुलिस को अवगत कराया, जिसके बाद सुरक्षा एजेंसियां सक्रिय हो गईं। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने तीन छात्रों को हिरासत में लेकर उनसे पूछताछ शुरू कर दी है।

प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, पर्चे में विस्फोटक उपकरण तैयार करने से संबंधित कथित विवरण और रेखाचित्र दर्ज होने की बात सामने आई है। पर्चा मिलने के बाद पूरे परिसर में सतर्कता बढ़ा दी गई और संबंधित स्थान की जांच की गई। पुलिस ने पर्चे को अपने कब्जे में लेकर उसे परीक्षण के लिए



भेजने की प्रक्रिया शुरू कर दी है।

पुलिस अधिकारियों का कहना है कि मामले की हर पहलू से जांच की जा रही है। हिरासत में लिए गए छात्रों से पूछताछ कर यह पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है कि पर्चा किसने तैयार किया, उसका उद्देश्य क्या था और क्या इसके पीछे किसी प्रकार की शरारत या अन्य मंशा थी। फिलहाल किसी भी निष्कर्ष पर पहुंचने से पहले सभी तथ्यों का सत्यापन किया जा रहा है।

कॉलेज प्रशासन ने छात्रों और कर्मचारियों से अफवाहों पर ध्यान न देने तथा जांच में सहयोग करने की अपील की है। पुलिस का कहना है कि जांच पूरी होने के बाद ही पूरे मामले की वास्तविक स्थिति स्पष्ट हो सकेगी।

## आजादी का अर्थ केवल मनमानी नहींः डोभाल

▸▸ लोकमान्य तिलक राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित, अमित शाह ने की रणनीतिक नेतृत्व की सराहना

**नईदुनिया ब्यूरो, पुणे :** राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल ने कहा है कि आजादी का अर्थ केवल अपनी इच्छा के अनुसार कुछ भी करने की स्वतंत्रता नहीं है। उन्होंने कहा कि आज की पीढ़ी को यह समझना होगा कि देश की स्वतंत्रता लंबे संघर्ष और बलिदानों के बाद प्राप्त हुई है, इसलिए इसके वास्तविक महत्व को समझना आवश्यक है।

डोभाल ने यह बात शनिवार को पुणे में आयोजित लोकमान्य तिलक राष्ट्रीय पुरस्कार समारोह में कही, जहां केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने उन्हें इस सम्मान से अलंकृत किया। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि युवाओं को राष्ट्रहित को सर्वोच्च प्राथमिकता देनी चाहिए और निजी हितों से ऊपर उठकर देश के लिए कार्य करने का संकल्प लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि यदि व्यक्तिगत स्वार्थ के विचार मन में आएं भी, तो उन्हें त्याग देना चाहिए। इसी भावना से देश अपने लक्ष्यों को प्राप्त करेगा और इतिहास में नया अध्याय लिखेगा। समारोह को संबोधित करते हुए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि वर्ष 2014 में प्रधानमंत्री बनने के बाद नरेंद्र मोदी के शुरुआती महत्वपूर्ण निर्णयों में अजीत डोभाल को राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार नियुक्त करना शामिल था।

## राहुल, पप्पू व अवधेश प्रसाद पर एफआईआर

**लखनऊ/वाराणसी।** संसद भवन के बाहर राम मंदिर के चढ़ावे को लेकर किए गए सांकेतिक प्रदर्शन के बाद उत्तर प्रदेश में विवाद और गहरा गया है। शनिवार को लखनऊ, वाराणसी और मथुरा सहित कई शहरों में विरोध प्रदर्शन किए गए। वाराणसी में कांग्रेस सांसद राहुल गांधी, समाजवादी पार्टी सांसद अवधेश प्रसाद और बिहार के निर्दलीय सांसद पप्पू यादव के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है। पुलिस के अनुसार यह प्राथमिकी पातालपुरी मठ के पीठाधीश्वर जगद्गुरु बालक दास की शिकायत पर कोतवाली थाने में दर्ज की गई। शिकायत में संसद परिसर के बाहर किए गए सांकेतिक प्रदर्शन को धार्मिक भावनाओं को आहत करने वाला बताया गया है। लखनऊ में सनातन रक्षा संगठन के कार्यकर्ताओं ने पप्पू यादव की प्रतीकात्मक शवयात्रा निकाली।

## मेट्रोपोलिटन सिटी बनेगा जबलपुरः मुख्यमंत्री

▸▸ मुख्यमंत्री ने 397 करोड़ के विकास कार्यों की सौगात दी, 11 लाख पौधरोपण अभियान का शुभारंभ

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने शनिवार को जबलपुर को अनेक विकास परियोजनाओं की सौगात देते हुए कहा कि अगले एक वर्ष में नगर निगम जबलपुर को मेट्रोपोलिटन सिटी के रूप में विकसित किया जाएगा। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को मेट्रोपोलिटन सिटी का ड्राफ्ट प्रस्ताव शीघ्र तैयार करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सेवा और सुशासन ही समृद्ध मध्यप्रदेश के निर्माण का मूल विकास मंत्र है और सरकार प्रदेश के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध है।

गीता भवन परिसर में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने लगभग 397 करोड़ रुपये की लागत के पांच विकास कार्यों का लोकार्पण और भूमिपूजन किया।

उन्होंने 362.31 करोड़ रुपये की लागत से तैयार अमृत 1.0 सीवेज परियोजना के तहत कटौंदा, ललपुर और तेवर के सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट का लोकार्पण किया। साथ ही आधुनिक मत्स्य विक्रय केंद्र और मॉडर्न लॉन्ड्री एरिया का भी शुभारंभ किया।

मुख्यमंत्री ने जबलपुर में फर्नीचर क्लस्टर स्थापित करने, मदन महल पहाड़ी के पास प्राणी उद्यान विकसित करने तथा जिले की सभी विधानसभा क्षेत्रों में आवश्यकता अनुसार सांदीपनि विद्यालय स्थापित करने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि मेडिकल यूनिवर्सिटी को एम्स की तर्ज पर विकसित किया जाएगा, जिससे प्रदेश में चिकित्सा शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं को नई दिशा मिलेगी।

कार्यक्रम में 11 लाख पौधरोपण अभियान का शुभारंभ भी किया गया। मुख्यमंत्री ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण और हरित विकास के लिए पौधरोपण आवश्यक है तथा मियावाकी पद्धति के माध्यम से कम भूमि पर घने वन विकसित किए जा सकते हैं। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश नदियों और वनों से समृद्ध राज्य है तथा प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण के लिए लगातार कार्य किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने नगर निगम की स्वच्छता सर्वेक्षण पर आधारित कॉफी टेबल पुस्तक का विमोचन किया तथा प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के अंतर्गत पात्र स्ट्रीट वेंडर्स को डिजिटल क्रेडिट कार्ड वितरित किए। उन्होंने कहा कि प्रदेश में शिक्षा, स्वास्थ्य, आधारभूत संरचना और रोजगार के क्षेत्र में लगातार कार्य हो रहे हैं तथा सरकार विकास के साथ जनकल्याण को समान प्राथमिकता दे रही है।

## कमर्शियल एलपीजी सिलेंडर 194 रुपये तक हुआ सस्ता

▸▸ भोपाल में 2,743 और इंदौर में 2,846 हुई कीमत, होटल-रेस्टोरेंट कारोबार को राहत

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** मध्य प्रदेश में एक अगस्त से 19 किलोग्राम वाले वाणिज्यिक एलपीजी सिलेंडर की नई दरें लागू हो गई हैं। नई कीमतों के अनुसार प्रदेश में कमर्शियल एलपीजी सिलेंडर 190 से 194 रुपये तक सस्ता हुआ है। भोपाल में इसकी कीमत 2,743 रुपये और इंदौर में 2,846 रुपये निर्धारित की गई है। कीमतों में कमी से होटल, रेस्टोरेंट और कैटरिंग कारोबार को राहत मिलने की उम्मीद जताई जा रही है। व्यापारियों के अनुसार पिछले कुछ महीनों में वाणिज्यिक एलपीजी महंगा होने से संचालन लागत बढ़ गई थी, जिसके चलते कई स्थानों पर भोजन और कैटरिंग सेवाओं की कीमतों में 10 से 15 प्रतिशत तक वृद्धि की गई थी। अब सिलेंडर सस्ता होने से आने वाले समय में उपभोक्ताओं को भी राहत मिलने की संभावना है। रीवा में वाणिज्यिक एलपीजी सिलेंडर 2,991.50 रुपये के साथ सबसे महंगा है। सिंगरौली और नरसिंहपुर में इसकी कीमत 2,989.50 रुपये तथा सतना में 2,989 रुपये है। वहीं शाजापुर में प्रदेश का सबसे सस्ता वाणिज्यिक एलपीजी सिलेंडर 2,749.50 रुपये में उपलब्ध होगा।

**तनाव** *रिपोर्ट में ऊर्जा ढांचे को निशाना बनाने का दावा, ट्रंप बोले- ईरान पर भरोसा नहीं रहा...*

## अमेरिका-इजराइल के संभावित हमले की अटकलें तेज

**वॉशिंगटन डीसी/तेहरान/तेल अवीव, एजेंसीः** अमेरिका और इजराइल की ओर से ईरान के ऊर्जा ढांचे पर संभावित सैन्य कार्रवाई की अटकलों के बीच पश्चिम एशिया में तनाव और बढ़ गया है। सीबीएस न्यूज की एक रिपोर्ट के अनुसार इस सप्ताह ईरान के बिजली संयंत्रों और तेल रिफाइनरियों को निशाना बनाए जाने की संभावना जताई गई है। रिपोर्ट के अनुसार इस सैन्य योजना पर शुक्रवार को कैंप डेविड में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट बैठक में भी चर्चा की गई। झ ट्रंप ने कहा कि उन्हें अब ईरान पर भरोसा नहीं रहा, क्योंकि वह बातचीत की बात करता है, लेकिन अपने वादों का पालन नहीं करता। उन्होंने यह भी कहा कि अमेरिका ईरान के

खिलाफ कड़ी कार्रवाई करेगा। दूसरी ओर ईरान के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि यदि अमेरिका किसी प्रकार का हमला करता है तो उसका पूरी तैयारी के साथ जवाब दिया जाएगा। इस बीच विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची से दूरभाष पर बातचीत की। उन्होंने कहा कि किसी भी परिस्थिति में कारोबारी जहाजों और उन पर कार्यरत नाविकों को निशाना नहीं बनाया जाना चाहिए। अब तक 16 भारतीय नागरिकों की मृत्यु हो चुकी है। जिनमें 10 नाविक शामिल हैं।

बताया जा रहा है कि अमेरिकी रक्षा विभाग ने ईरान संघर्ष के दौरान इस्तेमाल किए गए मिसाइल भंडार की भरपाई के लिए सीनेट से 18.2 अरब डॉलर की आपात वित्तीय सहायता की मांग की है। अमेरिका ने पश्चिम एशिया में रह रहे अपने नागरिकों के लिए सुरक्षा परामर्श जारी किया है।

### होर्मुज स्ट्रेट में टैंकर पर हमला

**वॉशिंगटन डीसी/तेहरान/तेल अवीव, एजेंसीः** होर्मुज स्ट्रेट से गुजर रहे कतर के एलएनजी से भरे टैंकर पर शनिवार को हमला हुआ, जिससे उसके इंजन कक्ष को नुकसान पहुंचा और जहाज समुद्र में फंस गया। सुरक्षा एजेंसियों ने टैंकर की पहचान 'गैसलॉग शंघाई' के रूप में की है। बताया गया कि जहाज मिसाइल या ड्रोन की चपेट में आया। इससे पहले ओमान तट के पास भी एक टैंकर पर हमले की सूचना मिली थी। उधर, कुवैत ने आरोप लगाया कि ईरान ने ड्रोन हमले किए, जिनमें एक सरकारी इमारत और एक नागरिक संपत्ति क्षतिग्रस्त हुई। कुवैत की सेना ने कई ड्रोन मार गिराने का दावा किया।